समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# तो लंदन मे यंहां रहते है विराट कोहली और अनुष्का शर्मा, जोनाथन ट्रॉट ने किया खुलासा।

Publisher

Published on 08 Jul 2025



## विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के लंदन स्थित घर के बारे मे जोनाथन ट्रॉट ने बातों-बातों मे बंता दी जानकारी, विंबलडन मे दिखे साथ।

**Virat Kohli-Anushka Sharma:** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान **विराट कोहली** और उनकी पत्नी **अनुष्का शर्मा** इन दिनों अपने बच्चों के साथ **लंदन** में समय बिता रहे हैं। हाल ही में इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर **जोनाथन ट्रॉट** ने एक इंटरव्यू में लंदन में उनके घर के लोकेशन को लेकर इशारा किया है, जिससे उनके फैंस के बीच हलचल मच गई है।

**लंदन के सेटं जॉन वुड इलाके मे है कोहली-अनुष्का का घर ?**
**जोनाथन ट्रॉट** ने स्टार स्पोर्ट्स पर बातचीत के दौरान संकेत दिया कि **विराट कोहली** लंदन के **सेटं जॉन वुड (St John's Wood)** इलाके में रहते हैं। यह **उत्तर-पश्चिम लंदन** का एक पॉश और शांत इलाका है।

हालांकि पहले कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि **विराट** और **अनुष्का नॉटिंग हिल (Notting Hill)** इलाके में रहते हैं, लेकिन ट्रॉट की टिप्पणी के बाद सेंट जॉन वुड की चर्चा तेज हो गई है। उन्होंने कहा,
"क्या वह सेंट जॉन वुड में या उसके पास नहीं रहते ? क्या उन्हें वापस आने के लिए मनाया नहीं जा सकता ?"

**विंबलडन मे नंजर आए विराट-अनुष्का**
हाल ही में **विराट कोहली** और **अनुष्का शर्मा विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट** के दौरान **नोवाक जोकोविच** का मुकाबला देखने पहुंचे थे। वहां से उनकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। **कोहली ने जोकोविच** की तारीफ करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी भी

शेयर की थी।

### क्रिकेट से रिटायरमेटं के बाद परिवार संग लंदन मे समय बिता रहे कोहली

**विराट कोहली ने 12 मई 2025** को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इससे पहले 2024 में भारत को **T20 वर्ल्ड कप** जिताने के बाद उन्होंने **T20 क्रिकेट** से भी रिटायरमेंट लिया था।

अब कोहली सिर्फ **वनडे फॉर्मेट** में खेलते हैं। भारत को अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज खेलनी थी, लेकिन वह फिलहाल स्थगित हो गई है, जिससे फैंस को कोहली को खेलते देखने के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा।

### लंदन मे हुंआ बेटे अकाय का जन्म

**कोहली** और **अनुष्का** का बेटा **अकाय कोहली** भी लंदन में ही जन्मा था। हाल के महीनों में **कोहली फैमिली** को कई बार लंदन की सड़कों और कैफे में देखा गया है, जिससे उनकी इंग्लैंड शिफ्टिंग की खबरों को बल मिला है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.